## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 05.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. केन्द्र सरकार ने कहा–ईंधन उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास जारी, नागरिकों को पेट्रोल और डीजल खरीदने तथा रसोई गैस की पैनिंग बुकिंग से बचने की दी सलाह ।
2. धनबाद रेल मंडल एक बार फिर बना देश का नंबर एक कमाऊ मंडल, माल ढुलाई में भी रहा अव्वल।
3. ईस्टर का पर्व आज, मसीही विश्वासियों ने प्रभु यीशु के विशेष बलिदान को किया याद, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को दी शुभकामनाएँ ।
4. राज्य में आज से अगले दो दिनों तक ओलावृष्टि और तूफान के साथ तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट, मौसम विभाग ने की सतर्कता बरतने की अपील।
5. और चाईबासा में 8वीं झारखंड राज्य जूनियर एवं सीनियर रग्बी चौम्पियनशिप का शुभारंभ, उद्घाटन मैच में खूंटी की पुरुष टीम जीती।

*******************

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि केन्द्र सरकार देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिशचित करने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। मंत्रालय ने नागरिकों को घबराहट में पेट्रोल और डीजल खरीदने तथा रसोई गैस की अनावश्यक बुकिंग से बचने की सलाह दी है । साथ ही कहा कि पांच किलोग्राम के सिलेण्डर नजदीकी एलपीजी वितरकों के यहां उपलब्ध हैं और वैध पहचान पत्र दिखाकर इन्हें खरीदा जा सकता है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। केरल में एक चुनावी सभा को संबोधित करने हुए श्री मोदी ने कहा कि खाड़ी देशों के साथ सरकार के मजबूत संबंध कठिन समय में वहां रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा में सहायक हैं।

*******************

पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों के मद्देनजर केन्द्र सरकार ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें और जब तक आवश्यक न हो, एलपीजी वितरकों के पास जाने से बचें। वर्तमान स्थिति में दैनिक उपयोग में ऊर्जा संरक्षण के लिए आवश्यक प्रयास करने की भी अपील की। मार्च 2026 से अब तक साढ़े तीन लाख से अधिक पीएनजी कनेक्शनों में गैस की आपूर्ति की जा चुकी है। इसके अलावा, 3.8 लाख से अधिक ग्राहकों ने नए कनेक्शनों के लिए पंजीकरण कराया है

*******************

चिकित्सा उपकरण निर्यात संवर्धन परिषद के कार्यकारी निदेशक प्रवीण कुमार मित्तल ने केन्द्र सरकार के पेट्रो रसायन उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला पर सीमा शुल्क में छूट देने के निर्णय का स्वागत किया है।

*******************

राजस्व प्राप्ति में धनबाद रेल मंडल एक बार फिर देश का नंबर एक कमाउ मंडल बन गया है। रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान धनबाद रेल मंडल की उपलब्धियों और प्रदर्शन की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि धनबाद रेल मंडल माल ढुलाई, यात्री सुविधाओं, संरक्षा और आधारभूत ढांचे के विकास के क्षेत्र में लगातार बेहतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने बताया कि माल ढुलाई के क्षेत्र में धनबाद रेल मंडल ने एक बार फिर देश में पहला स्थान हासिल किया है।

*******************

एम्स देवघर में कल से मरीजों की सुविधा के लिए इन–हाउस लैब पूरी तरह संचालित हो जाएगी। इस दौरान आयुष भवन में संचालित एक्स–रे, अल्ट्रासाउंड और इको की जांच फिलहाल पूर्व की तरह हिन्द लैब के माध्यम से ही जारी रहेगी। इस नई व्यवस्था से इन–हाउस मरीजों की खून और अन्य जांच रिपोर्ट अब जल्द मिल सकेगी।

*******************

प्रभु यीशु मसीह के पुनर्जीवित होने का पर्व ईस्टर आज झारखंड समेत देशभर में उत्साह और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। यह अवसर प्रार्थना, पश्चाताप और यीशु मसीह के जीवन के अंतिम चरण को याद करने के

पवित्र सप्ताह का प्रतीक है। मसीही विश्वासियों ने कल पास्का जागरण किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ईस्टर के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में, उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रभु यीशु मसीह का पुनरुत्थान लोगों को सत्य, प्रेम करुणा, त्याग और क्षमा के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करता रहेगा

******************

राजधानी रांची में बढ़ती दुर्घटनाओं को कम करने की दिशा में ट्रैफिक पुलिस एक विशेष अभियान शुरू करेगी । ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने इस संबंध में बताया कि लोगों को चौक– चौराहों पर दुर्घटनाओं के वीडियो के प्रसारण के जरिए नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया जाएगा।

******************

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए झारखंड में ओलावृष्टि और तूफान के साथ तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने रांची, गढ़वा, पलामू, चतरा समेत कई जिलों में गर्जन, वज्रपात और पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटा से तेज हवाएं चलने का अनुमान व्यक्त किया है। मौसम विभाग ने लोगों से इस दौरान सतर्कता बरतने की अपील की है ।

******************

झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में 8वीं राज्य जूनियर एवं सीनियर रग्बी चौंपियनशिप 2026 का कल विधिवत उद्घाटन किया गया। जिसमें विभिन्न जिलों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन ग्राउंड, चाईबासा में प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में खूंटी की पुरूष टीम ने सरायकेला को 27–0 से हराकर जीत दर्ज की।

******************

प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में झारखंड की टीम ने 16 स्वर्ण, 8 रजत और 11 कांस्य समेत कुल 35 पदक जीतकर देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया। रायपुर में आयोजित समापन समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने झारखंड टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता 25 मार्च से 3 अप्रैल तक रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा में आयोजित हुई, जिसमें राज्य के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं, पदक विजेता खिलाड़ियों और कोचों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और खेल अधिकारियों ने बधाई दी।

******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने पश्चिम एशिया में युद्ध की खबरों के साथ राज्य में बदले मौसत को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है–पश्चिमी विक्षोभ के साथ साइक्लोनिक सर्कुलेशन से बदलेगा मौसम।

दैनिक भास्कर ने फोटो स्टोरी के साथ लिखा है–पास्का जागरण मोमबत्ती की लौ से जगमगा उठी रांची।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–होर्मुज से निकला आठवां भारतीय जहाज ।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है–रिहायशी इलाकों को अवैध रूप से कमर्शियल बनाने की जांच होगी।

*******समाप्त**********